भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं *282
जिसका उत्तर शुक्रवार, 17 दिसम्बर, 2021 को दिया जाना है

नोटरी प्रमाणपत्र जारी करना और उनका नवीकरण

+*282 श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर :
श्री संजय काका पाटील :

क्या **विधि और न्याय मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा नोटरी प्रमाणपत्र जारी किए जाने और उनका नवीकरण किए जाने को सुचारू बनाने के लिए विधि कार्य विभाग की डिजिटल अवसंरचना क्षमता को सुदृढ बनाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं ;

(ख) क्या सरकार ने आवेदकों/अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन की स्थिति का पता लगाने में सक्षम बनाने हेतु आवेदनों की ऑनलाइन ट्रैकिंग प्रचालित की है और यदि हां, तो सासंबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार नोटरी सत्यापन के लिए डिजिटल हस्ताक्षर सुविधा को आरंभ करने की योजना बना रही है और यदि हो, तो तरसंबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है ।

लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *282 जिसका उत्तर तारीख 17 दिसम्बर, 2021 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण ।

(क) से (ख) : वर्ष 2016 से पूर्व, सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से केन्द्रीय पब्लिक नोटरियों की नियुक्ति के लिए नोटरी आवेदन ऑफलाइन मोड के माध्यम से आमंत्रित किए गए थे । 2016 से नोटरी आवेदन एनआईसी द्वारा मॉनिटर्ड पोर्टल 'सर्विस प्लस' पर ऑनलाइन मोड साथ ही ऑफलाइन मोड के माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे हैं । वर्ष 2019 से केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से भेजे गए आवेदन ही स्वीकृत किए गए हैं ।

वर्ष 2019 में एनआईसी द्वारा विकसित एक साफ्टवेयर (द्विभाषी प्ररूप में स्वत: सृजित व्यवसाय प्रमाणपत्र हेतु मोड्यूल) की सहायता से नोटरी सैल ने लगभग 9000 स्वत: सृजित व्यवसाय प्रमाणपत्र जारी किए थे ।

नोटरी (संशोधन) नियम, 2019 द्वारा नवीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है । तथापि, कोविड –19 महामारी और अन्य तकनीकी मुद्दों के कारण इसे परिचालित नहीं किया जा सका ।

अब, नोटरी सैल एनआईसी के साथ परामर्श से नोटरी सैल के लिए अनन्य रूप से नए वेब पोर्टल पर कार्य कर रही है जिसमें व्यवसाय प्रमाणपत्र के जारी करने/नवीकरण प्रक्रिया का अंकीकरण किया जाएगा । आवेदनों की ऑनलाइन ट्रैकिंग की विशेषता सहित उपयोक्ता अनुकूलन सुविधाओं पर भी खोज की जा रही है ।

(ग) : वर्तमान में नोटरी सत्यापन के लिए अंकीय हस्ताक्षर की सुविधा पुर:स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

******